**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 05-04-2022**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-04-05 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-04-06 | 2022-04-07 | 2022-04-08 | 2022-04-09 | 2022-04-10 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 37.0 | 38.0 | 38.0 | 38.0 | 39.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 13.0 | 14.0 | 14.0 | 15.0 | 15.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 70 | 70 | 65 | 65 | 65 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 25 | 25 | 25 | 20 | 20 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.0 | 8.0 | 10.0 | 10.0 | 10.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 120 | 120 | 120 | 120 | 250 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 29 मार्च – 4 अप्रैल, 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 34.0 से 37.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 14.2 से 19.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 63 से 80 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 14 से 42 प्रतिशत एवं हवा 1.7 से 5.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली| आने वाले पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 37.0 से 39.0 व 13.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 10 से 16 अप्रैल के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पुष्पन के समय बगीचो की जुताई न करें तथा आवश्यकतानुसार बागो की सिंचाई करे। गेहूँ व अन्य बीज हेतु बोई गई फसलों में फसल पकते समय अंतिम रोगिंग कर अवांछनीय पौधों जैसे अन्य प्रजातियों एवं दूसरे तरह की बालियों एवं खरपतवारों को खेत से निकालकर नष्ट कर दें। तथा खलिहान की पूरी तरह सफाई कर दें।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम शुष्क रहेगा। आम मे बौर आने की अवस्था पर सिंचाई न करें।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गन्ना | फरवरी में बोई गई गन्ना की फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें तथा यूरिया का टॉप डेªेसिंग एवं गुड़ाई करें। अगर गेहूँ की कटाई के बाद विलम्ब से गन्ना की बुवाई करनी हो तो इसे अप्रैल माह में पूरा कर लें। बुवाई हेतु गन्ना के 1/3 से 1/2 ऊपरी हिस्सों को बीज में प्रयोग करें। बीजोपचार से पूर्व बीज को 24 घंटे पानी में भिगोंए। इससे जमाव में आशातील बढ़ोŸारी होती है। बीज शोधन होतु 1 ग्राम कार्बेडाजिम 50 प्रतिशत को एक लीटर पानी की दर से घोल बनाए। |
| मसूर की दाल | दलहनी फसलों जैसे मसूर तथा चना की कटाई फसल पकने के तुरंत बाद सुबह के समय करें अन्यथा दाने झड़ने से नुकसान होता है। भण्डारण से पूर्व दानों को अच्छी तरह से सुखा लें। |
| गेहूँ | गेहूँ की बालियों का रंग सुनहरा हो जाए तथा बालियों के दाने कड़े हो जाए तब फसल की कटाई करें। कटाई समय से करें अन्यथा बालियों के टूट कर गिरने तथा चिड़ियों एवं चूहों द्वारा नुकसान होता है। कटाई के उपरांत फसल को 3-4 दिनों तक धूप में सुखाकर थ्रैसर से मढ़ाई करें। गेहूँ की कटाई अगर कम्बाइन द्वारा की जानी हो तो दानों में नमी 20 प्रतिशत से अधिक न हो। अधिक नमी होने पर दाने बालियों में फसे रह जाते हैं। विलम्ब से बोई गेंहूँ की फसल अभी हरी हो तो शाम के समय हल्की सिंचाई करें। इससे गेंहॅू के दाने सुडोल होंगे अन्यथा पानी की कमी के कारण गेंहूँ के दाने सिकुड़ने की सम्भावना रहती है। तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई न करें। |
| जौ | जौ की बालियों का रंग सुनहरा हो जाए तथा बालियों के दाने कड़े हो जाए तब फसल की कटाई करें। कटाई समय से करें अन्यथा बालियों के टूट कर गिरने तथा चिड़ियों एवं चूहों द्वारा नुकसान होता है। कटाई के उपरांत फसल को 3-4 दिनों तक धूप में सुखाकर थ्रैसर से मढ़ाई करें। गेहूँ की कटाई अगर कम्बाइन द्वारा की जानी हो तो दानों में नमी 20 प्रतिशत से अधिक न हो। अधिक नमी होने पर दाने बालियों में फसे रह जाते हैं। विलम्भ से बोई जौ की फसल अभी हरी हो तो शाम के समय हल्की सिंचाई करें। इससे गेंहॅू के दाने सुडोल होंगे अन्यथा पानी की कमी के कारण गेंहूँ के दाने सिकुड़ने की सम्भावना रहती है। तेज हवा चल रही हो तो सिंचाई न करें। |
| चारा मक्की | अप्रैल माह में पशुओं हेतु हरे चारे की कमी के समाधान हेतु इस समय बहु कटाई वाली ज्वार, लोबिया, मक्का, बाजरा आदि फसलों को चारे हेतु बुवाई करें। भरपूर उत्पादन हेतु ज्वार की बुवाई अप्रैल के दूसरे सप्ताह तथा बाजरा एवं लोबिया की बुवाई अप्रैल के अंत तक अवश्य पूरा कर लें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| कद्दू | कद्दू वर्गीय सब्जियो मे पत्ती धब्बा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे। |
| टमाटर | टमाटर व मिर्च की फसल मे रोपाई करने से पूर्व जड़ो को एमिडाक्लोप्रिड 1 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर 10-15 मिनट तक डुबाने के बाद रोपाई करे। टमाटर व मिर्च की फसल मे अगेती रोपी गई फसल में सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे। तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। |
| आम | आम में फल अच्छादन होने के उपरान्त मैंगो हौपर के प्रकोप होने की स्थिति में इमिडाक्लोरपिड का 3 मि0ली0 /10लीटर के हिसाब से छिड़काव करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भैंस | इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूर पिलाये। |

## मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

| मुर्गी पालन | मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मुर्गी | मुर्गियों के अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उनके आवास के तापमान का विशेष ध्यान रखें, उन्हें खाने के लिए सन्तुलित आहार दें तथा साफ-सुथरा एवं ताजा जल उपलब्ध करायें। |